**BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA**
**FINAL EXAMINATION (23 February 2024)**
**CLASS - VII**
**PAPER- HINDI (SET-B)**

**Time:3 hr.** **M.M. 80**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए** **(5)**

बहुत से पक्षी खराब मौसम से बचने के लिए, भोजन और प्रजनन हेतु लंबी-लंबी यात्राएँ करते हैं। इन्हें प्रवासी पक्षी कहते हैं। भारत में प्रतिवर्ष हज़ारों की संख्या में, सरदियों के मौसम में उत्तरी और मध्य एशिया से लंबी दूरी तय करके प्रवासी पक्षी आते हैं। लंबी दूरी तय करके भारत आने वाले पक्षियों में साइबेरिया का सारस प्रमुख है। यह प्रतिवर्ष बहुत बड़ी संख्या में राजस्थान के भरतपुर में स्थित केवलादेव घाना राष्ट्रीय उद्यान में आता है और सरदियाँ समाप्त होते ही, यह जिस मार्ग से आता है, उसी मार्ग से वापस लौट जाता है।

(क) पक्षी लंबी-लंबी यात्राएँ क्यों करते हैं?

(ख) लंबी यात्रा करने वाले पक्षियों को क्या कहते हैं?

(ग) भारत में प्रवासी पक्षी कहाँ से आते हैं?

(घ) साइवेरिया के सारस भारत के किस स्थान पर आते हैं?

(ङ) सारस किस मार्ग से लौटते हैं?

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें।** **(3)**

विचारवान , नैनन, विकार, तसबीह, चुनौती, तरकारी

**प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाएं( कोई- दो)** **(2)**

अनुमति, तनख्वाह, हज, रोगाणु

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए:** **(3)**

क) गिरजाघर के भीतरी भाग में एफिम को क्या दिखाई दिया?

ख) जल के तीन प्राकृतिक स्रोत कौन से हैं?

ग) सुभान खान का क्या अरमान था?

**प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन चार पंक्तियों में लिखें:-** **(2×3=6)**

क) कामचोर पाठ में बच्चों को कौन-कौन से काम बताए गए?

ख) हज से लौटने के बाद सुभान खान अपना समय कैसे व्यतीत करते थे?

ग) जल प्रदूषण को रोकने के कौन-कौन से उपाय अपनाए जा सकते हैं?

**(भाग-ख)**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:-** **(5)**

जाने कितने देवताओं की मनौती के बाद माँ ने मुझे प्राप्त किया था, उनमें एक हुसैन साहब भी थे। नौ साल की उम्र तक जब तक जनेऊ नहीं हो गया था, मुहर्रम के दिन मुसलमान बच्चों की तरह मुझे भी ताजिये के चारों ओर

रंगीन छड़ी लेकर कूदना पड़ा है और गले में गंडे पहनने पड़े हैं। मुहर्रम उन दिनों मेरे लिए कितनी खुशी का दिन था। नए कपड़े पहनता, उछलता-कूदता, नए-नए चेहरे और तरह-तरह के खेल देखता, धूम-धड़क्के में किस तरह चार पहर गुजर जाते ! इस मुहर्रम के पीछे जो रोमांचकारी, हृदय को पिघलाने वाली, करुण रस से भरी दर्द-अंगेज़ घटना छिपी है, उन दिनों उसकी खबर भी कहाँ थी।

प्रश्न क) मां ने लेखक को कैसे प्राप्त किया?
ख) लेखक को जनेऊ कब डलवाया गया?
ग) मुहर्रम के दिन लेखक को क्या करना पडा?
घ) अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए लेखक क्या करता था?
ड) लेखक को गले में क्या पहनना पड़ा?

**( भाग - ग )**

**प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए। (3)**

छात्र + आवास, महा+ उदय, परम+ ओज

**ख) संधि विच्छेद करें: -** राजेंद्र, भानूदय **(2)**

**प्रश्न8. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें। (2)**

नौकर, मित्र

**प्रश्न9. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें । (2)**

जल, ठोस, पाप, हल्का

**प्रश्न10. कोई दो दो अनेकार्थी शब्द लिखें। (2)**

सारंग, वार

**प्रश्न11.निम्नलिखित वाक्य में उचित शब्द लिखें (श्रुतिसम भिन्नार्थक) (2)**

क) प्यासे पथिक ने..... से ...... पीकर अपनी प्यास बुझाई (पानी,पाणि)

ख) रानी ने चीनी और चावल..... मात्रा में लेकर सारा..... एक झोले में डाल लिया (समान -सामान)

**प्रश्न12. निम्नलिखित प्रत्यय से 2-2 शब्द बनाएं । (2)**

आपा, पन

**प्रश्न 13. क) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह करें तथा समास का नाम लिखें। (2)**

रातोंरात, त्रिलोक

**ख) समस्तपद बनाएं: -** तीन फलों का समाहार, मरण तक **(1)**

**प्रश्न 14 निम्नलिखित अर्थ के आधार पर वाक्य के भेदों का नाम लिखें। (3)**

क) मेरी बात सुनकर किसी को आश्चर्य नहीं हुआ।

ख) आह! कैसा अद्भुत दृश्य है।

ग) आप शाम को घर आते, तो अच्छा लगता।

**प्रश्न 15.निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण के भेदों की पहचान कर उनके नाम लिखें ।** **(3)**

क) मैं अभी बाजार से आई

ख) पेड़ बहुत हिल रहा था

ग) तुम चार दिन तक वही रहना

**प्रश्न16 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखें:-** **(3)**

क) उसकी आवाज मैं मिठास है।

ख) आप खाएंगे क्या?

ग) रिया ने अभी खाना खाई।

**प्रश्न17.निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिन्ह का प्रयोग करके लिखें:-** **(3)**

क) वह हंसते हंसते लोटपोट हो गया

ख) निशा रोते हुए मेरा कोई अपराध नहीं था

ग) डॉक्टर मोहन ने हमारे कुत्ते को घर आकर देखा

**प्रश्न18. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करें:-** **(3)**

क) भंडाफोड़ होना

ख) आकाश-पाताल एक करना

ग) टांग अड़ाना

**प्रश्न19. दिए गए विकल्पों में से भाव को व्यक्त करने वाली लोकोक्तियों को चुनकर लिखें:- (2)**

1. विवाद की जड़ को ही मिटा देना:-

क) डूबते को तिनके का सहारा

ख) ना रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी

ग) काम करने का ढंग ना आने पर बहाने बनाना

2. दूसरों को उपदेश देना सरल है

क) पर उपदेश कुशल बहुतेरे

ख) तेते पांव पसारिए जेती लंबी सौर

ग) ना रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी

**प्रश्न20. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 90 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें। (5)**

**आदर्श विद्यार्थी**

संकेत बिंदु:-विद्यार्थी के गुण, लगन और परिश्रम, सादा जीवन, उच्च विचार, श्रद्धावन और विनयी।

**अथवा**

**जीवन में त्योहारों का महत्व**

संकेत बिंदु: -भारत के त्यौहार, सामूहिक आनंद की अनुभूति, एक साथ एकत्र होने का संयोग, देश को जोड़ने वाले ।

**प्रश्न21. निम्नलिखित औपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए।** **(5)**

आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय की प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

**अथवा**

प्रधानाचार्य को विद्यालय परित्याग प्रमाण -पत्र के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

**प्रश्न22.** बढ़ती महंगाई के विषय में दो मित्रों के बीच संवाद 5-5 वाक्यों में लिखें। **(5)**

**प्रश्न23.** (एकता में बल है) विषय पर एक कहानी लिखें। **(3)**

**प्रश्न24.** बॉल पेन की बिक्री के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। **(3)**